संपादकीय

# सवाल संसद की गरिमा का

अगर संसद सामान्य ढंग से चलती, सामान्य अवधि तक चलती और सरकार उसके प्रति अपने को जवाबदेह दिखाती, तो प्रश्न नहीं उठते। अब जबकि आम चुनाव में लगभग एक साल का ही वक्त बचा है, बजट सत्र में इस पर नजर होगी कि क्या सत्ता पक्ष का कोई अलग व्यवहार देखने को मिलता है।

अब संसद के हर सत्र की शुरुआत पर संसद की गरिमा का सवाल चर्चा में आता है। जाहिरा तौर पर इसकी वजह गुजरे वर्षों में संसद के अंदर दिखी प्रवृत्तियां हैं। अगर कोई सरकार या सत्ताधारी पार्टी संसद की मर्यादाओं में बंधे रहना पसंद ना करती हो, वह वहां अपनी जवाबदेही निभाने को तैयार ना हो, तो इस तरह के प्रश्नों का उठ खड़ा होना लाजिमी है। यह ध्यान में रखने की बात है कि आजादी के बाद भारत ने जिस राजनीतिक व्यवस्था को अपनाया, उसे संसदीय लोकतंत्र के नाम से जाना जाता है। स्पष्ट है कि इस व्यवस्था के केंद्र में संसद है। संसद की रचना में पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिकाएं तय रहती हैं। किसी एक पार्टी (या गठबंधन) को सरकार चलाने का जनादेश प्राप्त होता है, तो बाकी दल या दलों को सरकारी फैसलों की खामियों को बेनकाब करने, उनका विरोध करने और सरकार को सत्ता से हटाने की रणनीति बनाने का अधिकार होता है। इन तीनों गतिविधियों से सत्ता पक्ष को जवाबदेह बनाने में मदद मिलती है।

आखिरकार एक तय कार्यकाल के बाद बात जनता की अदालत में जाती है, जहां मतदाता दोनों पक्षों के रिकॉर्ड पर अपना फैसला सुनाते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि लोकतंत्र में जितना महत्त्वपूर्ण सत्ता पक्ष होता है, उतना ही विपक्ष भी। दरअसल, दोनों शासन व्यवस्था का हिस्सा होते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सत्ताधारी ने विपक्ष को दुश्मन के रूप में पेश करने की संस्कृति अपनाई है। इसीलिए यह आरोप लगा है कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक सीमाओं के भीतर सरकार चलाने के बजाय सिस्टम पर कब्जा करने की रणनीति पर चल रही है। अगर संसद सामान्य ढंग से चलती, सामान्य अवधि तक चलती और सरकार उसके प्रति अपने को जवाबदेह दिखाती, तो ऐसे प्रश्न नहीं उठते। अब जबकि संसद का बजट सत्र शुरू हुआ है, तो नजर यह देखने पर होगी कि जब अगले आम चुनाव में लगभग एक साल का ही वक्त बचा है, तब सत्ता पक्ष का कोई अलग व्यवहार देखने को मिलता है।

# गौतम अडानी का बड़ा फैसला, रद्द किया 20000 करोड़ का एफपीओ, निवेशकों का पैसा करेंगे वापिस




**नई दिल्ली।** अडानी समूह ने अपने एफपीओ को लेकर बड़ा फैसला किया है। अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि वो 20 हजार करोड़ रुपये के एफपीओ को रद्द कर रहे है। वहीं निवेशकों को पैसा लौटाने की बात भी कही है। अब इस एलान को लेकर गौतम अदाणी खुद वीडियो संदेश में दिखाई दिए हैं। गौतम अदाणी ने अपने बयान में कहा है कि पूरी तरह से सब्सक्राइब्ड एफपीओ के बाद कल इसे वापस लेने के फैसले ने कई लोगों को चौंका दिया होगा। लेकिन कल देखे गए बाजार के उतार-चढ़ाव को देखते हुए बोर्ड ने दृढ़ता से महसूस किया कि एफपीओ के साथ आगे बढ़ना नैतिक रूप से सही नहीं होगा।

उन्होंने आगे कहा, उद्यमी के रूप में 4 दशकों से अधिक की मेरी विनम्र यात्रा में मुझे सभी हितधारकों विशेष रूप से निवेशक समुदाय से भारी समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। मेरे लिए यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि मैंने जीवन में जो कुछ भी थोड़ा बहुत हासिल किया है, वह उनके विश्वास और भरोसे के कारण है। मैं अपनी सारी सफलता का श्रेय उन्हीं को देता हूं।

गौतम अदाणी ने कहा, मेरे लिए मेरे निवेशकों का हित सर्वोपरि है और सब कुछ गौण है। इसलिए निवेशकों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए हमने एफपीओ वापस ले लिया है। इस निर्णय का हमारे मौजूदा परिचालनों और भविष्य की योजनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हम परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन और डिलीवरी पर ध्यान देना जारी रखेंगे।

हमारी कंपनी के फंडामेंटल मजबूत हैं। हमारी बैलेंस शीट मजबूत है और संपत्ति मजबूत है। हमारा एबिट्डा स्तर और नकदी प्रवाह बहुत मजबूत रहा है और हमारे पास अपने ऋण दायित्वों को पूरा करने का एक त्रुटिहीन ट्रैक रिकॉर्ड है। हम दीर्घकालिक मूल्य निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे और विकास आंतरिक संसाधनों द्वारा प्रबंधित किया जाएगा। बाजार में स्थिरता आने के बाद हम अपनी पूंजी बाजार रणनीति की समीक्षा करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, हमारा ईएसजी पर खासा फोकस है और हमारा हर बिजनेस जिम्मेदार तरीके से वैल्यू क्रिएट करता रहेगा। हमारे शासन के सिद्धांतों का सबसे मजबूत सत्यापन, कई अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों से आता है, जिन्हें हमने अपनी विभिन्न संस्थाओं में बनाया है। उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर एफपीओ को बेधडक़ समर्थन देने के लिए देश के भीतर और बाहर के हमारे निवेश बैंकरों, संस्थागत निवेशकों और शेयरधारकों को धन्यवाद देता हूं। पिछले सप्ताह स्टॉक में उतार-चढ़ाव के बावजूद, कंपनी, इसके व्यवसाय और इसके प्रबंधन में आपका विश्वास और विश्वास हम सभी के लिए बेहद आश्वस्त और विनम्र रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि भविष्य में भी हमें सहयोग मिलता रहेगा।

गौर हो कि जिस एफपीओ को अदाणी की तरफ से वापस लिया गया है कि उसे मंगलवार तक पूरी तरह सब्सक्राइब कर लिया गया था। इसके बावजूद इसे वापस लेने और निवेशकों को पैसा लौटाने की एक वजह हिंडनबर्ग की वह रिपोर्ट मानी जा रही है, जिसकी वजह से अदाणी ग्रुप की कई कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अदाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ के तहत 4.55 करोड़ शेयरों की पेशकश की गई थी, जबकि इसपर 4.62 करोड़ शेयरों के लिए आवेदन मिले थे। यानी पेशकश से 1.12 फीसदी ज्यादा आवेदन। गैर संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित 96.16 लाख शेयरों पर करीब तीन गुना बोलियां मिली थीं। वहीं पात्र संस्थागत खरीदारों के खंड के 1.28 करोड़ शेयरों पर पूर्ण अभिदान मिला था। हालांकि, एफपीओ को लेकर खुदरा निवेशकों और कंपनी के कर्मचारियों की प्रतिक्रिया ठंडी रही थी।

'हिंडनबर्ग रिसर्च' की पिछले हफ्ते आई रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट आ रही है। गिरावट का यह सिलसिला बजट पेश होने के दिन भी जारी रहा। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में समूहों की कंपनियों का सामूहिक बाजार पूंजीकरण सात लाख करोड़ रुपये घट गया है।

## अय्यर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर

**मुंबई।** भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर कमर की चोट से न उभर पाने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर हो गये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। बंगलादेश में दिसंबर में खेली गयी टेस्ट सीरीज के बाद अय्यर की कमर में सूजन होने के कारण उन्हें इंजेक्शन दिया गया था। चोट पूरी तरह ठीक न होने के कारण अय्यर को न्यूजीलैंड एकदिवसीय शृंखला से बाहर रहना पड़ा और वह रिहैब के लिये बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) गये थे। अय्यर को नौ फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिये बेंगलुरु से नागपुर रवाना होना था, लेकिन सूत्रों के अनुसार उन्हें एनसीए ने पूरी तरह फिट घोषित नहीं किया और रिहैब बढ़ाने की सलाह दी है। अय्यर का रिहैब सावधानी बरतते हुए बढ़ाया गया है और उनकी समस्या गंभीर नहीं है। वह 17 फरवरी से दिल्ली में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिये टीम के साथ जुड़ सकते हैं। अय्यर की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल या लोकेश राहुल मध्यक्रम में उनकी जगह ले सकते हैं।

## अहमदाबाद में शुभमन-शो, भारत ने सीरीज जीती



**अहमदाबाद।** प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (126 नाबाद) के तूफानी शतक और कप्तान हार्दिक पांड्या (30 रन, चार विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत ने तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 168 रन से रौंदकर की शृंखला 2-1 से जीत ली।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 235 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कीवी टीम 66 रन पर सिमट गयी।

गिल ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक जड़ते हुए नाबाद 126 रन बनाये। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में 12 चौके और सात छक्के जड़े। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने सिर्फ पांच रन पर तीन विकेट गंवा दिये और इसके बाद टीम कभी नहीं उभर सकी। बल्ले से 30 रन का योगदान देने वाले कप्तान पांड्या ने अपने चार ओवर के कोटे में सिर्फ 16 रन देकर चार विकेट चटकाये। इसके अलावा शिवम मावी, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक ने दो-दो सफलतायें हासिल कीं।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद गिल और राहुल त्रिपाठी ने कीवी गेंदबाजों पर आक्रमण शुरू किया। गिल-त्रिपाठी ने दूसरे विकेट के लिये सिर्फ 42 गेंद पर 80 रन जोडक़र भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। त्रिपाठी ने चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 44 रन बनाये, हालांकि वह अपनी निस्वार्थ पारी की 22वीं गेंद पर छक्का लगाने के प्रयास में बाउंड्री पर कैच आउट हो गये। उपकप्तान सूर्यकुमार यादव (13 गेंद, 24 रन) भी अपनी प्रतिष्ठा के हिसाब से कम ही रन बना सके। न्यूजीलैंड ने दो विकेट जल्दी गिराकर चैन की सांस ली ही थी कि गिल ने विस्फोट शुरू कर दिया।

## भारत के इस स्टार खिलाड़ी का 81 साल की उम्र में निधन, खेल जगत में शोक की लहर

**कोलकाता।** भारत के पूर्व फुटबॉलर परिमल डे का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को यहां 81 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। 4 मई, 1941 को जन्मे डे को 2019 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा बंग भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया था। 1960 के दशक में डे ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किए। उन्होंने कुआलालंपुर में 1966 मर्डेका कप में कोरिया गणराज्य के खिलाफ मैच का एक मात्र गोलकर भारत को कांस्य पदक दिलाया।

घरेलू स्तर पर उन्होंने अपनी टीम को 1962, 1969 में दो बार संतोष ट्रॉफी जिताने का गौरव प्राप्त हुआ। पूर्वी बंगाल के लिए फारवर्ड के रूप में खेलते हुए उन्होंने 84 गोल किए और 1968 में क्लब की कप्तानी भी की। डे ने 1966, 1970 और 1973 में तीन बार कलकत्ता फुटबॉल लीग और आईएफए शील्ड जीतने का गौरव हासिल किया और बीएनआर (1966) और ईरानी पक्ष पीएएस क्लब (1970) के खिलाफ आईएफए शील्ड फाइनल में गोल कर भारतीय फुटबॉल लोककथाओं में अपना नाम दर्ज कराया।

1966 का सीएफएल डे के लिए एक बड़ा टूर्नामेंट था क्योंकि उन्होंने पहले नौ मैचों में से प्रत्येक में गोल किया था।



इनके अलावा, उन्होंने डूरंड कप (1967, 1970), रोवर्स कप (1967, 1969, 1973) में भी अपनी टीम को जिताया। डे 1971 में मोहन बागान के लिए भी खेले और उस साल फिर से अपनी टीम को रोवर्स कप जिताया।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने डे के निधन पर शोक व्यक्त किया। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, भारत के पूर्व स्टार परिमल डे का निधन भारतीय फुटबॉल के लिए एक बड़ी क्षति है। 1960 के दशक के सर्वश्रेष्ठ योजनाकारों में से एक थे और आज तक प्रशंसकों के दिलों और दिमाग में बने हुए हैं।

एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा, परिमल डे के निधन से पूरी भारतीय फुटबॉल बिरादरी बेहद सदमे में है। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

## अकाउंट निलंबन के खिलाफ ट्विटर पर अब कोई भी कर सकता है अपील




**नई दिल्ली।** एलन मस्क द्वारा संचालित ट्विटर ने घोषणा की कि अब कोई भी उनके खाते के निलंबन के खिलाफ अपील कर सकता है। यह कदम पिछले हफ्ते की घोषणा का हिस्सा है कि ट्विटर अपने नियमों को तोडऩे वाले उपयोगकर्ता के खातों के खिलाफ कम गंभीर कार्रवाई करेगा, उन्हें विवादास्पद ट्वीट्स को हटाने और आगे बढऩे के लिए कहेगा। ट्विटर ने कहा, आज से कोई भी अनुरोध कर सकता है कि हम अपने नए मानदंडों के तहत बहाली के लिए निलंबित खाते की समीक्षा करें।

ट्विटर पर सभी खातों की तरह बहाल खातों को अभी भी ट्विटर के नियमों का पालन करना होगा।

कंपनी ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह केवल उन ट्विटर खातों को निलंबित करेगी जो उसके नियमों का बार-बार उल्लंघन करते हैं।

माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने कहा, हमारी नीतियों के बार-बार उल्लंघन पर कंपनी का खाता निलंबन का अधिकार आरक्षित रहेगा।

गंभीर उल्लंघनों में अवैध सामग्री या गतिविधि में शामिल होना, हिंसा या नुकसान के लिए उकसाना या धमकी देना, गोपनीयता का उल्लंघन, प्लेटफॉर्म में हेरफेर या स्पैम, और उपयोगकर्ताओं के लक्षित उत्पीडऩ में शामिल होना शामिल है।

ट्विटर ने कहा कि वह पहले से निलंबित खातों को रूप से बहाल कर रहा है।

## एक हफ्ते में तीन किलो वजन घटाना चाहते हैं तो अपनाएं ये टिप्स

दिन-प्रतिदिन बढ़ता वजन हर किसी के लिए आम समस्या बनकर रह गया है, जिसका मुख्य कारण है बिगड़ता लाइफस्टाइल और खान-पान। अगर आपके घर में कोई बड़ा कार्यक्रम आने वाला हो तो आप सब तैयारियां कर लेते है, लेकिन आप अपने वजन को कम नहीं कर पाते हैं। इसलिए आज हम आपको बताएंगे कि एक हफ्ते में तीन किलोग्राम वजन कम कैसे किया जा सकता है।

### अपने नाश्ते को पेय पदार्थों से करें स्विच

वजन घटाने के लिए आपको अपनी कैलोरी की खपत में कटौती करने की आवश्यकता है। इसके लिए आपको अपने नाश्ते को पेय पदार्थों से स्विच करना होगा। इसके अलावा फलों के साथ-साथ अपने नाश्ते को प्रोटीन आधारित शेक या ग्रीक दही के साथ बदलें। ये हाई-प्रोटीन ड्रिंक लंच के समय तक आपके पेट को भरा रखेंगे, जिससे अनहेल्दी स्नैकिंग कम होगी। यह आसान सा तरीका कैलोरी सेवन को कम करने में काफी मदद करेगा।

### इस तरह के लंच का करें सेवन

कई बार वजन कम करने के लिए कुछ डाइटिशियन भोजन को छोडऩे का सुझाव देते हैं, जो कि गलत है क्योंकि इस तरह के सुझाव के कारण आप जरुरी पोषक तत्वों का भी सेवन नहीं कर पाते हैं। इसके अतिरिक्त आप चाहें तो अपने लंच को सलाद से संबंधित विकल्पों के साथ बदल सकते हैं। इसके साथ ही आप सब्जियों से बना सूप या पत्तेदार साग, गाजर, खीरे, टमाटर आदि को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### रात्रिभोज में इतनी कैलोरी का ही करें सेवन

आमतौर पर रात्रिभोज में 600-800 कैलोरी होती हैं, जो कि आपकी सेहत के लिए



सही नहीं हैं। हो सके तो अपने रात्रिभोज में 300-500 कैलोरी वाले भोजन का ही सेवन करें। इसके अलावा अपने रात्रिभोज में हल्के खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें।

### वजन कम करने के लिए अपने रुटीन में जरूर शामिल करें ये दो चीजें

समय: अगर वजन कम करना चाहते हैं तो रातभर भोजन के बिना 10-12 घंटे रहें। इसके लिए आप अपने पेय पदार्थों का सेवन सुबह 08:00 बजे के आसपास ही करें क्योंकि ऐसा करने से भोजन के बीच के विराम को और बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा अपने रात्रिभोज को 07:00 बजे के आस-पास खाने की कोशिश करें। चलना: अपने वजन घटाने की योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए सप्ताह के हर दिन 10,000-12,000 कदम चलें।

### वजन कम करने के अन्य आसान टिप्स और ट्रिक्स

वजन कम करने के लिए इन सरल सुझावों का भी पालन करें: 1) संतुलित और पौष्टिक आहार खाएं, जो विशेष रूप से प्रोटीन और फाइबर से भरपूर हो। 2) अपने भोजन को धीरे-धीरे और नियमित अंतराल पर खाएं। 3) शक्कर युक्त खाद्य पदार्थों और शराब का सेवन कम करें। 4) अपने तनाव के स्तर को कम करने की कोशिश करें। 5) प्रत्येक रात सात-नौ घंटे की नींद लें। 6) हमेशा हाइड्रेट रहें।

## कॉमेडी फिल्म द क्रू में तब्बू, करीना और कृति के साथ दिखेंगे दिलजीत दोसांझ



उड़ता पंजाब और गुड न्यूज जैसी बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय का जादू चलाने के बाद अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ अब कॉमेडी फिल्म द क्रू में तीन बॉलीवुड अभिनेत्रियों तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सैनन के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। फिल्म का निर्देशक राजेश कृष्णन करने वाले हैं और इसकी शूटिंग मार्च में शुरू होगी। आइए फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।

रिया कपूर ने फिल्म में दिलजीत की एंट्री की पुष्टि की है। रिया ने कहा, दिलजीत को कास्ट में शामिल करने के लिए हम रोमांचित हैं। यह फिल्म बहुत खास होने वाली है, यह आपके द्वारा पहले देखी गई किसी भी एंटरटेनर फिल्म से अलग होगी। हम दर्शकों को एक रोमांचक और यादगार सिनेमा अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 330

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 329 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 330

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.329 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। पूरा दिन उत्साह भरा रहेगा और व्यस्त भी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा इससे रिस्तों में मजबूती बनी रहेगी।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होने का योग है। आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे। प्रेमी के साथ रिश्ते मधुर होंगे।

***मिथुन :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्रता से किया गया काम सफल होगा। प्रेमी के लिये दिन बढिय़ा है आपको अपने साथी से कोई उपहार भी मिल सकता है। नौकरी पेशा वाले लोगों को अधिकारियों से मदद मिल सकती है।

***कर्क :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। पैसों के मामले में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा ना करें नहीं तो नुकसान हो सकता है। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

***सिंह :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान निकल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप सबकी नजरों में अच्छे बने रहेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। रिश्तों के मामले में आप भाग्यशाली रहेंगे।

***कन्या :*** आज आपका दिन आपके पक्ष में रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। कामकाज में बढ़ोतरी होगी।

***तुला :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपका ध्यान पुराने कार्य को पूरा करने में लगा रह सकता है। कार्यालय में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसे कम समय में ही पूरा कर लेंगे। आपकी कल्पना शक्ति आपके लक्ष्य प्राप्ति में सहायता कर सकती है। मानवीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया कार्य आपके लिये फायदेमंद रहेगा।

***धनु :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपके सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। किसी समारोह में आपकी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो आपके लिए बहुत खास साबित होगा।

***मकर :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ पिकनिक आदि का प्लान बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी विषय पर लंबी बातचीत हो सकती है, दोस्तों के साथ मूवी देखने की प्लानिंग भी बना सकते हैं।

***कुंभ :*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए दिन बढिय़ा है। करियर में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी।

***मीन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपके मन में किसी बात को लेकर उत्साह रह सकता है। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिये शायद आपको पर्याप्त समय न मिल पाये।